पत्र संख्या-स्था0-2-उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर सेवा संघ/ 3472 / वाणिज्य कर

प्रेषक,

कमिश्नर,
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ।

सेवा में,

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर,
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

(स्थापना- अनुभाग) लखनऊ :: दिनांक :: 15 अक्टूबर, 2013,

महोदय,

उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर अधिकारी संघ के पत्र दिनांक 26-09-2013 के आधार पर इस कार्यालय के परिपत्र संख्या-स्था0-2-उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर सेवा संघ / 3417/वाणिज्य कर दिनांक 11-10-2013 द्वारा दिनांक 15-11-2013 व दिनांक 16-11-2013 के अधिवेशन में भाग लेने हेतु संघ के सदस्यों द्वारा अवकाश प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर कतिपय शर्तो के अधीन उक्त दो दिन का विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने के सम्बन्ध में निर्देश जारी किये गये थे।

उक्त सम्बन्ध में अवगत कराना है कि संघ के पत्र दिनांक 26-09-2013 द्वारा वाणिज्य कर अधिकारी संघ एवं उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर सेवा (पदोन्नत संघ) का संयुक्त अधिवेशन दिनांक 15-11-2013 व दिनांक 16-11-2013 को आयोजित होने की सूचना दी गयी है। ऐसी स्थिति में इस कार्यालय के परिपत्र संख्या-स्था0-2-उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर सेवा संघ / 3417/वाणिज्य कर दिनांक 11-10-2013 द्वारा पूर्व निर्धारित शर्तो के अधीन दिनांक 15-11-2013 व दिनांक 16-11-2013 के अधिवेशन में भाग लेने हेतु अनुमन्य किये गये विशेष आकस्मिक अवकाश वाणिज्य कर अधिकारी संघ एवं उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर सेवा (पदोन्नत संघ) के अधिकृत सदस्यो द्वारा नियमानुसार उक्त अवकाश प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर नियमानुसार स्वीकृत किये जायेगें।

भवदीय,

(विनोद कुमार सिंह)
ज्वाइन्ट कमिश्नर(स्थापना)वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या एवं दिनांक : उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- अध्यक्ष/महामंत्री, वाणिज्य कर सेवा (पदोन्नत संघ) कोसीकला/ कानपुर।
2- अध्यक्ष/ महामंत्री, वाणिज्य कर अधिकारी संघ कानपुर।
3- एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1/ 2, (उच्च न्यायालय कार्य)वाणिज्य कर, इलाहाबाद/ लखनऊ।
4- समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
5- समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
6- ज्वाइन्ट कमिश्नर(आई0टी0)वाणिज्य कर, मुख्यालय को विभागीय बेबसाईट पर डालने हेतु।
7- समस्त डिप्टी कमिश्नर / असिस्टेन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
8- समस्त अनुभाग अधिकारी वाणिज्य कर, मुख्यालय।
9- स्था0-2 पटल, को 10 अतिरिक्त प्रतियॉ।

(विनोद कुमार सिंह)
ज्वाइन्ट कमिश्नर(स्थापना)वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।